राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने स्व.भैरोंसिंह शेखावत के स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 15 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार सायं पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे स्व.भैरोंसिंह शेखावत की पुण्य तिथि पर विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने स्व. शेखावत की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्व. शेखावत से उनके निकट के संबंध रहे। वह जनप्रिय नेता ही नहीं थे बल्कि मानवीय सरोकारों से ओतप्रोत सबको सहज अपना बना लेने वाले उदात्त व्यक्तित्व के धनी थे। "बाबोसा" के रूप में वह सबके प्रिय थे। राज्यपाल ने स्व. शेखावत के उदात्त जीवन चरित्र और आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।